कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

Telephone No. 07744-226189 Fax No. 07744-224422 E-mail-rajnandgaon.court@nic.in

// सूचना पत्र //

3578

क्रमांक /दो-11-8/2026 **राजनांदगांव दिनांक** 02 **नवम्बर 2026**

इस कार्यालय के विज्ञापन क्रमांक 1701 दिनांक 22 जुलाई 2026 के द्वारा स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 (हिन्दी) के 03 पदों एवं सहायक ग्रेड-3 के 20 पदों की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। स्टेनोग्राफर ग्रेड -03 (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-03 के रिक्त पदों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी पश्चात् **पात्र एवं अपात्र** अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (Provisional list) जिला न्यायालय राजनांदगांव की वेबसाईट (https://rajnandgaon.dcourts.gov.in/) में प्रकाशित की गई है।

जिन अभ्यर्थियों/आवेदकों को अपात्र घोषित किया गया है, वे अपनी दावा आपत्ति मय दस्तावेज **दिनांक 13.11.2026 के शाम 5.00 बजे तक जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में रखे ड्राप बाक्स में बंद लिफाफा में प्रस्तुत कर सकते है। ड्राप बॉक्स के अलावा किसी अन्य माध्यम से दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।**

पात्र अभ्यर्थियों की प्रकाशित सूची में से विज्ञापन की शर्तों के अनुसार लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता स्नातक की परीक्षा में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर ही रिक्त पद के 40 गुणा आवेदकगण लिखित परीक्षा हेतु पात्र होंगे। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा परीक्षा/परिणाम घोषित होने के पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है कि किसी अभ्यर्थी की पात्रता में कमी अथवा अपात्रता का कारण विद्यमान है, तो ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता/उम्मीदवारी किसी भी चरण में निरस्त की जा सकेगी। इस संबंध में भर्ती समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की **अंतिम सूची (Final List)** पृथक से जिला न्यायालय राजनांदगांव की वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी जिस हेतु समय-समय पर जिला न्यायालय राजनांदगांव के वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।

2/11/2026

(अध्यक्ष)
विभागीय चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
राजनांदगांव (छ.ग.)